Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/20-23 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-०१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १६ जनवारी २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र (रंगीन सहित)

**सभी पाठकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २३ दिसंबर, २०२१ को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में एक समारोह के दौरान कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य लोग भी हैं।

## विकास के मॉडल के रूप में वाराणसी तेजी से हो रहा है विकसित-पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में बनास डेयरी संकुल की आधारशिला रखी। ३० एकड़ भूमि में फैले इस डेयरी का निर्माण लगभग ४७५ करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा और इसमें प्रतिदिन ५ लाख लीटर दूध के प्रसंस्करण की सुविधा होगी। प्रधानमंत्री ने बनास डेयरी से जुड़े १.७ लाख से अधिक दूध उत्पादकों के बैंक खातों में लगभग ३५ करोड़ रुपये का बोनस डिजिटल रूप से अंतरित किया। दिनांक २३.१२.२०२१ को इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वाराणसी में १५०० करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने पशुधन के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, "हमारे यहां गाय की बात करना, गोबरधन की बात करना कुछ लोगों ने गुनाह बना दिया है। गाय कुछ लोगों के लिए गुनाह हो सकती है, हमारे लिए गाय, माता है, पूजनीय है। गाय-भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के ८ करोड़ परिवारों की आजीविका ऐसे ही पशुधन से चलती है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज और भदोही जाने वाली सड़कों के लिए '४ से ६ लेन सड़क चौड़ीकरण की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## प्रयागराज जंक्शन को नई सोच के साथ विकसित करने की जरूरत-अश्वनी वैष्णव



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल, संचार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव दिनांक २५.१२.२०२१ को विशेष ट्रेन से प्रयागराज जं. पहुंचे। स्टेशन पर पहुंचने के बाद अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज जंक्शन पुनर्विकास योजना, प्रयागराज जंक्शन लेआउट और प्रयागराज में समग्र रेल नेटवर्क के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रमोद कुमार महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और मोहित चंद्र डीआरएम/प्रयागराज ने रेलमंत्री को स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं तथा योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन परिसर का भ्रमण कर सभी सुविधाओं और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा, भोजन की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और यात्रियों की सुगम आवाजाही सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन पर मौजूद मीडियाकर्मियों से भी बातचीत की। बैठक में रेलमंत्री ने कहा कि दयित्वों का निर्वहन करते समय जिन तीन बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, वो हैं "राष्ट्र प्रथम, सर्वदा प्रथ", "अंत्योदय" और "सामाजिक सद्‌भाव"। बैठक में प्रयागराज जंक्शन की यार्ड रीमॉडलिंग, आरओबी/आरयूबी के निर्माण आदि सहित प्रयागराज क्षेत्र के प्रमुख आधारभूत संरचना कार्यों पर चर्चा की गई।

उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रयागराज क्षेत्र में रेलवे के विकास पर भी गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि छह सात सालों के भीतर रेलवे स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था में काफी सुधार आया है। देश भर के रेलवे स्टेशन साफ सुथरे हो गए हैं। इसके पहले स्टेशनों की व्यवस्था थी यह सभी लोग जानते हैं। प्रधानमंत्री की सोच है कि विरासत भी और विकास भी। रेलवे भी इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। रेलवे के खर्चे में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है।

## विनय कुमार त्रिपाठी बने रेलवे बोर्ड के नए चेयरमैन



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। विनय कुमार त्रिपाठी को रेलवे बोर्ड का नया चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। विनय कुमार त्रिपाठी ने सुनीत शर्मा ने जगह ली है जो कि शुक्रवार दिनांक ३१.१२.२०२१ को सेवानिवृत्त हो गए। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने शुक्रवार को त्रिपाठी की नियुक्ति पर मुहर लगा दी। विनय कुमार त्रिपाठी भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों के लिए भारतीय रेलवे सेवा (आईआरएसईई) के माध्यम से शामिल हुए थे। त्रिपाठी वर्तमान में उत्तर-पूर्व रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी पहली नियुक्ति उत्तर रेलवे में असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के तौर पर हुई थी। वह उत्तर मध्य और पश्चिम रेलवे के इलेक्ट्रिकल विभागों में कई अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं। त्रिपाठी उत्तर मध्य रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर, पश्चिमी रेलवे में अतिरिक्त महानिदेशक व चीफ इलेक्ट्रिकल लोकोमोटिव इंजीनियर और रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य (ट्रेक्शन) भी रह चुके हैं।

### प्रयागराज से है गहरा नाता

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे बोर्ड के नए चेयरमैन और सीईओ वीके त्रिपाठी का प्रयागराज से गहरा रिश्ता रहा है। प्रयागराज मंडल में दो वर्ष डीआरएम रहने के साथ वह उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक का पद भी छह माह संभाल चुके हैं। वहीं प्रयागराज जंक्शन पर हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के तमाम कार्यों में भी उनका विशेष योगदान माना जाता है। इसमें प्लेटफार्म नंबर छह का निर्माण आदि प्रोजेक्ट प्रमुख रूप से शामिल हैं। वीके त्रिपाठी को तीन जनवरी २०१४ में डीआरएम बनाया गया। वर्ष २०१६ में लगने वाले कुंभ की तमाम तैयारियां उनके ही कार्यकाल में तय हुईं।

# माफिया राज ख़त्म होने का सबसे बड़ा फायदा यूपी की बहनों और बेटियों को मिला-पीएम मोदी



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज का दौरा किया और महिलाओं को विशेष रूप से जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। दिनांकः २१.१२.२०२१ को कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत १ लाख से अधिक लाभार्थियों को कुल २० करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री ने पूरक पोषण निर्माण की २०२ इकाइयों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों को पूरा देश देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसे कार्यक्रम, जिसके तहत उन्होंने आज राज्य की एक लाख से अधिक लाभार्थी बेटियों के खातों में करोड़ों रुपये हस्तांतरित किए, गांव-गरीब के लिए, बेटियों के लिए भरोसे का बहुत बड़ा माध्यम बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की महिलाओं को जो सुरक्षा दी है, जो सम्मान दिया है, उनकी गरिमा बढ़ा है, वो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने, माताओं-बहनों-बेटियों ने ठान लिया है कि अब वो पहले वाला दौर, वापस नहीं आने देंगी। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान द्वारा लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कई राज्यों में बेटियों की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा हमने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, अस्पतालों में डिलीवरी और गर्भावस्था के दौरान पोषण पर विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री मातृ'वंदना योजना के तहत गर्भावस्था के दौरान ५ हज़ार रुपये महिलाओं के बैंक खाते में जमा किए जाते हैं, ताकि वो उचित खान-पान का ध्यान रख सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालय बनने से, उज्ज्वला योजना के तहत गरीब से गरीब बहनों को गैस कनेक्शन की सुविधा मिलने से,घर में ही नल से जल आने से, बहनों के जीवन में सुविधा भी आ रही है और उनकी गरिमा में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक ऐसी व्यवस्था रही कि घर और घर की संपत्ति को केवल पुरुषों का ही अधिकार समझा जाने लगा। दशकों से, घर और संपत्ति को केवल पुरुषों का अधिकार माना जाता था। आज हमारी सरकार की योजनाएं, इस असमानता को भी दूर कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो घर दिये जा रहे हैं, वो प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं के ही नाम से बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार बिना किसी भेदभाव, बिना किसी पक्षपात के बेटियों के भविष्य को सशक्त करने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र के संबंध में अभी कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय किया है। पहले बेटों के लिए शादी की उम्र कानूनन २१ साल थी, लेकिन बेटियों के लिए ये उम्र १८ साल ही थी। बेटियां भी चाहती थीं कि उन्हें उनकी पढ़ाई लिखाई के लिए, आगे बढ़ने के लिए समय मिले, बराबर अवसर मिलें। प्रधानमंत्री ने हाल के वर्षों में राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि माफिया राज और अराजकता के खत्म होने का सबसे बड़ा फायदा यूपी की बहनों और बेटियों को मिला है। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा, आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के साथ-साथ अधिकार भी हैं। आज यूपी में संभावनाएं भी हैं और व्यापार भी है। मुझे पूरा विश्वास है कि जब हमारी माताओं, बहनों का आशीर्वाद है, इस नए यूपी को कोई वापस अंधेरे में नहीं धकेल सकता।

## अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी में आरडीएसओ की सहभागिता



रे.स.ब्यू./सूत्र। आरडीएसओ, नई दिल्ली के प्रगति मैदान में १६ से १८ दिसम्बर,२०२१ तक"१४वीं इंटरनेशनल रेलवे उपकरण प्रदर्शनी-२०२१" सीआईआई के द्वारा आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में रेलवे से सम्बंधित प्रौद्योगिकी, उपकरण और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन रेलराज्य मंत्री दर्शना जरदोश के कर कमलों द्वारा किया गया,उनके साथ रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं CEO सुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। आरडीएसओ स्टॉल पर जे.पी. पाण्डेय, महानिदेशक (विशेष) /वेन्डर /आरडीएसओ द्वारा रेलराज्य मंत्री तथा अध्यक्ष एवं CEO सुनीत शर्मा का स्वागत किया तथा आरडीएसओ स्टॉल का निरिक्षण कराया। आरडीएसओ स्टाल पर रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त कई गणमान्य अतिथियों एवं आगंतुकों ने दौरा किया। रेल उत्पादों से जुड़े कई रेल वेंडरों ने आरडीएसओस्टाल पर प्रदर्शित कार्यों को देखा एवं वेंडर्स सम्बंधित प्रक्रिया व जानकारी प्राप्त की। आरडीएसओ का प्रयास है की रेल कार्यो से जुड़े वेंडरों को अधिक से अधिक जोड़ा जाये, जिससे की उद्योग जगत आरडीएसओ के साथ उद्योग करने में सरलता एवं पारदर्शिता ला सके। डा. आशीष अग्रवाल, कार्यकरी निदेशक/ प्रशासन के नेतृत्व में आरडीएसओ की टीम ने आरडीएसओ स्टाल की स्थापना की, जिसमें आरडीएसओ द्वारा हाल ही में अर्जित की गयी विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों जैसे की विस्टाडोम टूरिस्ट कोच, एसी इकनोमीकोच, डब्लूएजी-१२बी लोको आदि माडलों, पोस्टरों एवं मूवी इत्यादि का प्रदर्शन किया गया है।

## कोविड जांच के लिए माघ मेले में बनेंगे 8 केंद्र

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोरोना जांच और टीकाकरण की व्यवस्था होगी। माघ मेला में कोरोना जांच के लिए कुल ८ केंद्र बनाए जाएंगे। जहां पर मरीजों की कोरोना सैंपलिंग की जाएगी। इसके साथ ही साथ टीकाकरण के लिए तीन केंद्र अलग-अलग स्थानों पर बनाए जाएंगे। वहीं सीएमओ डॉ. नानक सरन ने माघ मेले की तैयारियों को लेकर बताया कि इस बार माघ मेले में कुल २ बड़े अस्पतालों का निर्माण होगा। दोनों अस्पतालों में २०-२० बेड के वार्ड होंगे। जहां पर जरूरत के हिसाब से मरीज को भर्ती कराया जा सकेगा। साथ ही मेला क्षेत्र में कुल २० ओपीडी वाले स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही मेले में सफाई आदि की व्यवस्था के लिए भी विशेष तैयारियां की गई हैं।

## झाँसी मंडल के १०५ स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई इंटरनेट की सुविधा



रे.स.ब्यू./सूत्र। भारतीय रेल डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने के लिए डिजिटल प्रयासों को लागू करने मे सदैव से अग्रणी संगठन है। इसी कड़ी में मंडल रेल प्रबंधक, झाँसी आशुतोष के दिशानिर्देशन में मंडल के स्टेशनों का आधुनिकीकरण तथा यात्री सुविधाएँ के अपग्रेडेशन हेतु निरंतर प्रयासरत है। वहीं झाँसी मंडल के १०५ स्टेशनों को अब तक निःशुल्क उच्च गति वाई-फाई इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। झाँसी मंडल के लगभग १२८४.०२३ रूट किलोमीटर ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) से जुड़ गए हैं और झाँसी मंडल के लगभग लक्षित ६६ स्टेशनों पर इस सुविधा को उपलब्ध कराने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस व्यवस्था को रेलवे मिनी रत्न पीएसयू "रेलटेल" द्वारा लागू किया जा है। रेलटेल रेलवायर के ब्रांड नाम से अत्याधुनिक सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान कर रहा है। रेलटेल ने अब तक पूरे भारत में ६००० से अधिक स्टेशनों पर इस सुविधा को चालू कर दिया है। भारतीय रेल द्वारा सभी रेलवे स्टेशनों (हॉल्ट को छोड़कर) में वाई-फाई प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसमें से मात्र केवल कुछ सौ स्टेशनों पर लगाना शेष है जहां काम प्रगति पर है। भारतीय रेलवे और रेलटेल की इन पहलों ने भारतीय रेल के स्टेशनों पर आम भारतीय रेल यात्री को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लाभों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके माध्यम से वहां भी डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है जहां इसकी वास्तविक आवश्यकता है।

# रेलमंत्री ने दिया रेल अधिकारियों को माल लदान के तर्कसंगत आइडिया पर कार्य करने का मंत्र



रे.स.ब्यूरो। रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव,ने दिनांक १६.१२.२०२१ को उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में स्थित कंटेनर इकाइयों का निरीक्षण कर माल लदान को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुगमता से पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किये। अश्विनी वैष्णव ने रेवाड़ी के निकट पाली स्थित कल्याणी कास्ट टैक प्रा. लि. द्वारा विशेष प्रकार के निर्मित कंटेनर का अवलोकन किया तथा उनकी उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की। अश्विनी वैष्णव ने कंटेनर की निर्माण प्रक्रिया को गहनता से देखा और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन है कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वर्ग को प्राप्त हो इसको ध्यान में रखकर हम कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां आने का उद्देश्य यह है कि नई तकनीक से तैयार विशेष प्रकार के यह कंटेनर किसानों व छोटे उद्यमियों को उनके व्यवसाय में लाभ प्रदान करने में उपयोगी साबित होंगे। इन छोटे कंटेनर में ३२ टन तक सामान आ सकता है और इनको इस तरह से तैयार किया गया है कि इनको ऊपर तथा दोनों साइडो से खोलकर सामान को लोड अनलोड किया जा सकता है, जिसके कारण यह छोटे व्यापारियों तथा किसानों के लिए बेहतर विकल्प बन सकता है। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने स्वयं अपनी उपस्थिति में लिफ्टिंग क्रेन द्वारा विभिन्न प्रकार के कंटेनर्स को ट्रेन पर लोड करने की प्रक्रिया को बारीकी से देखा एवं इस कार्य में सम्मिलित कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया एवं उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आने वाले नववर्ष में हमें देश को प्रगति पथ पर ले जाने वाले कार्यों का विश्लेषण कर उसके क्रियान्वयन पर कार्य करना है।

# उत्तर मध्य रेलवे के महीप कुमार ने जीता रजत पदक




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महीप कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह चैम्पियनशिप दिनांक १५ से १७ दिसंबर २०२१ को चेन्नई में आयोजित हुई थी बतादें कि महीप कुमार उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत है।

इनकी इस उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष शरद मेहता ने को बधाई दी। उत्तर मध्य रेलवे के कोच जीतेंद्र सिंह ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और आगामी स्पर्धाओं के लिए इनका उत्साह वर्धन किया।

उन्होंने बताया कि, महीप एक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं और इन्होंने पिछले वर्ष २०२० में भी कांस्य पदक जीता था।

इसके अतिरिक्त महीप पॉवर लिफ्टिंग में भी रिकॉर्ड प्रदर्शनों के साथ कई पदक प्रात कर चुके हैं।

# सपा सरकार ने किया सिर्फ शिलान्यास- सिद्धार्थनाथ सिंह



रे.स.ब्यू./सूत्र। राज्य सरकार के प्रवक्ता एव कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी शासनकाल में विकास का एक ही अर्थ था वह था शिलान्यास। सिद्धार्थनाथ ने लखनऊ मे बुधवार दिनांक १५.१२.२०२१ को जारी बयान में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जिस काम का शिलान्यास करती है उसका उद्घाटन भी करती है। गोरखपुर का एम्स और खाद कारखाना इसके हालिया प्रमाण हैं, जिनका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

इनका लोकार्पण भी प्रधानमंत्री ने ही किया।उन्होंने कहा कि विकास के जो कार्य पहले की सरकारों की उपेक्षा के कारण दशकों से लंबित थे, उनको भी सरकार पूरा करा रही है। उन्होने कहा की बाणसागर, अर्जुन सहायक और सरयू नहर जैसी परियोजनाएं इसका सबूत हैं।इन सभी परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कर चुके हैं।

# बहुप्रशिक्षण केंद्र सूबेदारगंज में 'संविधान सभा एवं 'राजभाषा विषय पर कार्यशाला आयोजित

रे.स.ब्यू./सूत्र। सरकारी कामकाज के लिए बेहतर महौल बनाने के उद्देश्य के लिए दि.१५.१२.२०२१ को बहुप्रशिक्षण केंद्र सूबेदारगंज में 'संविधान सभा एवं राजभाषा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आए रेलकर्मियों ने खुशी एवं उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यशाला में नन्द लाल प्रसाद, मुख्य अनुदेशक,चंद्रिका प्रसाद, संरक्षा सलाहकार,आशुतोष तिवारी, वरिष्ठ अनुवादक, प्रभाशंकर उपाध्याय, पुस्तकाध्यक्ष,त्रिपुरारी उपाध्याय, आफिस खलासी आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शेषनाथ पुष्कर, राजभाषा अधिकारी, प्रयागराज ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार देश के लिए एक संविधान अनिवार्य था उसी प्रकार देश के लिए एक राजभाषा भी अनिवार्य थी। एक राजभाषा के माध्यम से देश के लोगो में एकता की भावना को उत्पन्न कर लोकतंत्र को सफल बनाने, एक राष्ट्र भावना के लिए पृष्ठ भूमि तैयार करके नागरिकों में एक राष्ट्रभाषा के माध्यम से राष्ट्रभावना उत्पन्न करने, सरकारी कामकाज में सुगमता लाने और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपनी भाषायी पहचान बनाने के लिए राजभाषा अनिवार्य थी। अंत में उन्होंने प्रशिक्षण पर आए कर्मचारियों से कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति राजभाषा हिदी को अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर थोपना नही है बल्कि भावनात्मक रूप से जोड़ने की है। अतः आप लोग राजभाषा हिदी के साथ-साथ भारतीय रेल से भी भावनात्मक रूप से जुड़े और बेहतर कार्य करें।

# माघ मेला के लिए रेलवे ने तैयार किया एप

रे.स.ब्यूरो। प्रयागराज में लगने वाले माघ मेले मे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने एप लांच किया है। इस एप के माध्यम से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रयागराज से जुड़ी तमाम जानकारियां उपलब्ध हो जाएंगी। इसमें ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के साथ रूट मैप आदि की भी जानकारी श्रद्धालुओं को मिलेगी। माघ मेला शुरू होने के पूर्व उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा यह एप लांच कर दिया जाएगा। इस एप में प्रयागराज से जुड़ी सभी प्रमुख जानकारियां उपलब्ध रहेंगी। इसमें प्रयागराज जंक्शन एवं अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाएं, ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की जानकारी, स्टेशन पर मौजूद टिकट काउंटर, मेला स्पेशल ट्रेन, प्रयागराज के दर्शनीय स्थल आदि की जानकारी यात्री एप के माध्यम से ले सकेंगे। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि मेला शुरू होने से पूर्व यह एप लांच कर दिया जाएगा।

# हेल्पलाइन की मदद से यात्री को मिला बैग

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। सुरक्षित रेल यात्रा उपलब्ध कराने के क्षेत्र में रेल प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज मण्डल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के दायित्व के साथ ही रेल परिसम्पत्ति की सुरक्षा का दायित्व भी पूरी कुशलता के साथ निर्वहित किया जा रहा है। हेल्पलाइन प्रयागराज से लेडीज कांस्टेबल शीला ने दिनांक १५.१२. २०२१ को रेलवे सुरक्षा बल फफूंद को सूचना नोट कराई की ट्रेन नंबर १४१६३ के बी२ कोच में सीट नंबर १३ पर यात्री अपना बैग भूल गया है। सूचना पर हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार ने गाड़ी को अटेंड कराया गया। टीटी द्वारा बैग को दिया गया जिसकी सूचना यात्री को दी गई, बाद में यात्री अवध एक्सप्रेस द्वारा फफूंद स्टेशन पर आया और उसे ब्लैक कलर का बैग सही सलामत सुपुर्द किया गया।

सम्पादकीय

## ओमिक्रॉनः बूस्टर डोज है जरूरी

एक्सपर्ट्स के मुताबिक ओमिक्रॉन को लेकर जरा सी भी लापरवाही बहुत बड़े संकट का कारण बन सकती है। इस नए वेरिएंट के खतरे को देखते हुए जहां बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू करने की जरूरत है, वहीं बूस्टर डोज देने की भी व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमण के मामले देश में चिंताजनक ढंग से बढ़ रहे हैं।

वहीं एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ओमिक्रॉन के बारे में अभी जो एक बात यकीन के साथ कही जा सकती है, वह है तेजी से फैलने की इसकी क्षमता। महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल और चंडीगढ़ में नए केस पाए जाने के बाद भारत में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके लक्षण अभी माइल्ड बताए जा रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञ आगाह करते हैं कि आबादी का जो हिस्सा वैक्सीन के सुरक्षा दायरे से बाहर है, उसके संक्रमित होने पर लक्षण पिछले संक्रमण जितने गंभीर भी हो सकते हैं। दुनिया में फिलहाल कोरोना संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले डेल्टा वेरिएंट के माने जा रहे हैं, जो सबसे पहले भारत में पाया गया था। मगर नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के साथ खास बात यह है कि इसका तेज संक्रमण न केवल दक्षिण अफ्रीकी देशों में देखा गया जहां डेल्टा वेरिएंट प्रमुखता में नहीं है, बल्कि ब्रिटेन जैसे देशों में भी पाया गया, जहां डेल्टा ही प्रमुख वेरिएंट है। यह वैक्सीन के सुरक्षा कवच को भी आसानी से भेदते हुए आगे बढ़ रहा है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने देश में बच्चों को टीका लगाने का काम अभी शुरू भी नहीं हुआ है। दूसरी तरफ जानकार खास तौर पर ओमिक्रॉन के बच्चों में भी फैलने को लेकर आगाह कर रहे हैं।

## स्वर्णिम विजय वर्ष के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। स्वर्णिम विजय वर्ष के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल, क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज में एक परेड का आयोजन किया गया। परेड का यह आयोजन भारत के उन वीर सपूतों की याद में किया गया जिन्होंने वर्ष-१६७१ के भारत-पाकिस्तान के युद्ध में अदम्य साहस और पराक्रम के दम पर दुश्मनों को परास्त करते हुए विजय हासिल की थी और बाग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। युद्ध में बलिदान देने वाले वीर शहीदों को राजीव सिंह बुन्देला, सहायक सुरक्षा आयुक्त, रवि कुमार सिवाच, निरीक्षक, सुरजीत सिंह, उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल /क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र/सूबेदारगंज व ७० बल सदस्यों द्वारा पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजली दी गयी एवं सशस्त्र टुकड़ी द्वारा सलामी दी गयी। परेड के उपरांत सहायक सुरक्षा आयुक्त/ क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र राजीव सिंह बुन्देला द्वारा उपस्थित बल सदस्यों को वीर शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## Free Wi-Fi Internet facilities provided at 543 stations over Southern Railway Zone

**Source: CPRO/SR: Indian Railways has been in the forefront of implementing Digital Initiatives realizing the dream of Digital India and information technology-oriented passenger applications/ amenities like National Train Enquiry System and the Passenger Reservation System have been revolutionizing the passenger travel experience. Now, Indian Railways is forging ahead with providing access to Internet Facility to the passengers through its Wi-Fi Network Connectivity/ facility at Railway Stations. In a major public friendly measure, 543 stations over Southern Railway Zone have been equipped with free high speed Wi-Fi Internet Connectivity so far making around 5087 Route Kms of Southern Railway covered with OFC (Optical Fibre Cable). The responsibility to implement this remarkable Digital India initiative has been entrusted to Railway Mini Ratna PSU "RAILTEL". Working tirelessly and continuously, RAILTEL is providing state of the art public Wi-Fi under the brand name of Railwire. RailTel has so far commissioned this facility at 6070+ stations across India.**

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार, के द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दिनांक २१.१२.२०२१ को संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में रामराज, प्वाइंटसमैन/झिंगुरा/प्रयागराज मण्डल, अशोक कुमार यादव, तकनीशियन/फतेहपुर/प्रयागराज मण्डल, कप्तान सिंह, ट्रैकमैन /बेव /आगरा मण्डल, नरेन्द्र कुमार यादव, मुख्य लोको निरीक्षक/अगरा कैण्ट एवं बृजेश सिंह, गेटमैन/सिथौली झांसी मण्डल शामिल थे।

## छिवकी-नैनी के बीच कई ट्रेनें होंगी निरस्त

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज छिवकी से नैनी के बीच बिछाई गई तीसरी लाइन पर अब नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से संबंधित रूट पर चलने वाली कई ट्रेनों को निरस्त किया जाएगा। ट्रेनों का निरस्तीकरण ३१ दिसंबर २१ से दस जनवरी २२ तक रहेगा। एनसीआर के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि ३१ दिसंबर को लोकमान्य तिलक- वाराणसी कामायनी एक्सप्रेस मानिकपुर में ६० मिनट और चार जनवरी २२ को नैनी में ४५ मिनट के लिए रोकी जाएगी। इसके अलावा १२३०७ हावड़ा-जोधपुर का संचालन नौ जनवरी प्रयागराज जंक्शन-कानपुर की बजाय प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-झांसी के रास्ते होगा। इसके दौरान १२३०८ जोधपुर-हावड़ा ३० दिसंबर और ०७ जनवरी को बदले हुए रास्ते से चलेगी। इसी रूट पर २२३०८ बीकानेर-हावड़ा ०१, ०६ जनवरी और १२८१६ आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस भी ३० दिसंबर, १० जनवरी को चलेगी।

## जनसूचना अधिकार अधिनियम-२००५ पर संगोष्ठी आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा.मंडल रेल प्रबंधक झाँसी आशुतोष के दिशा-निर्देशन में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक २१.१२.२०२१ को मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) सभागर में जनसूचना अधिकार अधिनियम- २००५ पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कार्मिक विभाग के समस्त अधिकारियों, मुख्य कार्यालय अधीक्षक एवं कार्यालय अधीक्षकों ने भाग लिया। राजेश कुमार गुप्ता वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनसूचना अधिकार अधिनियम-२००५ के नियमों एवं उपबन्धों से अवगत कराया गया। साथ ही इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न नियमों की जानकारी सभी के मध्य साझा की।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न उदाहरण देते हुए, यह स्पष्ट किया कि आवेदक को किस प्रकार की सूचनाएं नियमानुसार देय हैं तथा किस प्रकार की नहीं।

संगोष्ठी के दौरान समय-समय पर सी.आई.सी. द्वारा जनसूचना अधिकार अधिनियम पर दिये गये निर्णयों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार विषय जनसूचना अधिकार अधिनियम-२००५ पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पीएनएम बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में दिनांक २१ एवं २२ दिसम्बर, २०२१ को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई। पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शों के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है। इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने की। बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे। पीएनएम बैठक की शुरुआत में मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) आर. के. अग्रवाल के द्वारा कार्मिक विभाग के द्वारा कर्मचारी कल्याण के लिए पिछले साल भर में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार ने मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# हर साल देश में होते हैं १५ लाख लोग टीबी से पीड़ित

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से टीबी के उपचार एवं निदान विषय पर हुई संगोष्ठी के दौरान मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज के पलमोनरी मेडिसीन के चिकित्सक डॉ. अमिताभ दास शुक्ला ने बताया कि क्षय रोग से सबसे ज्यादा पीड़ित व्यक्ति भारत में है। भारत में लगभग १५ लाख लोग प्रतिवर्ष क्षय रोग से पीड़ित होते है। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक ५ मिनट में एक टीबी मरीज की मृत्यु भारत में होती है। भारत में प्राथमिकता आज भी सामान्य ड्रग सेंसिटिव टीबी ही है, लेकिन ड्रग रेसिस्टेंट टीबी जांच एवं उपचार में नए आयाम जुड़ रहे है। ड्रग रेसिस्टेंट टीबी की जांच जहां पहले कई हफ्ते लेती थी, वही अब यह ६० मिनट में संभव हो रही है। संगोष्ठी में एएमए सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता, सचिव डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह २०२०-२१ का आयोजन video Conference के माध्यम से दिनांक २३.१२.२०२१ को किया गया। इस अवसर पर एम एन ओझा, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुख्यालय एवं मंडलों के चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले १०२ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किये गये।समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक महोदय ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये वित्त वर्ष २०२०-२१ में आय अर्जन व यात्री सेवा की दिशा में दिन रात किए गये अथक प्रयासों की प्रशंसा की, विशेष रूप से वर्ष २०२०-२१ में कोविड-१६ महामारी के दौरान उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माल भाड़ा आय में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए मुख्यालय एवं मंडलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यालय शैलेंद्र कपिल (मुख्य दावा अधिकारी), शशि कान्त सिंह (मुख्य वाणिज्य प्रबंधक / सी एंड पीएस), कृष्णा तिवारी (उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/सी एंड पीएस), जितेन्द्र कुमार (उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक / एफएम) एवं अनुपम सक्सेना (उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/ यू टी एस) उपस्थित रहे। साथ ही प्रयागराज, झाँसी एवं आगरा मंडल के सभागार में संबन्धित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक व पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# यूपी का विकास अब रुकने वाला नहीं -पीएम मोदी



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में आयोजित मातृ'शक्ति महाकुंभ में योगी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार बेटियों के भविष्य को सशक्त करने का कार्य कर रही है। दिनांक २२.१२.२०२१ को प्रयागराज आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच साल पहले यूपी की सड़कों पर माफियाराज था। महिलाओं और लड़कियों का सड़क पर निकलना मुश्किल था। स्कूल कॉलेज जाना मुश्किल था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योगी सरकार ने गुंडों को सही जगह पहुंचाया है। इस नई यूपी को वापस अंधेरे में कोई नहीं धकेल सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपी मे विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए जो कार्य हुआ है, उसे पूरा देश देख रहा है। कन्या सुमंगला से करोड़ों बेटियों के खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया। यूपी में बैंक सखी अभियान शुरू किया गया, जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है। पैसा सीधे खाते में आता है। प्रयागराज की पुण्य भूमि से हमारा यूपी आग बढ़ेगा और ऊंचाइयां छुएगा। इस नई यूपी से कइयों को दिक्कत हो रही है। यह दिक्कत क्यों हो रही है, यह समझ से परे है मोदी ने कहा कि दुष्कर्म जैसे संगीन मामले को सुनवाई के लिए यूपी में ७०० फास्टट्रैक कोर्ट बनाए गए हैं। तीन तलाक कानून हमारी सरकार लाई। डबल इंजन की सरकार बेटियों के भविष्य को सशक्त करने का कार्य कर रही है। बेटियों के लिए शादी की उम्र पहले १८ साल थी। बेटियां चहती थीं कि उन्हें आगे बढ़ने का और अवसर मिले। बेटियों की शादी की उम्र अब २१ साल करने का प्रयास किया जा रहा है। बैंक सखी की मदद से बैंकिंग सुविधाएं गांव में घर पर ही मिल जा रही हैं। यह बहुत बड़ा काम है। मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले जिनके खाते नहीं थे आज उनके हाथों में डिजिटल बैंकिंग की ताकत आ गई है।

# आरडीएसओ में मनाया गया आजादी के अमृत महोत्सव



रे.स.ब्यू./सूत्र। आरडीएसओ लखनऊ में आरडीएसओ रेलवे सुरक्षा बल और जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी,लखनऊ द्वारा आजादी के ७५वें वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक २३.१२.२०२१ को आरपीएफ बैंड के कुल १३० बल सदस्यों द्वारा अपनी प्रस्तुती दी गई।

इस अवसर पर संजीव भुटानी, महानिदेशक/ आरडीएसओ, लखनऊ मुख्य अतिथि के रूप में व श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, पी डी/ट्रैक मशीन,बी. वेंकाटेश्वर राव, डीआईजी सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त तथा अन्य रे.सु.ब. स्टॉफ व रेल कर्मचारी सपरिवार उपस्थित हुए।

प्रस्तुती के उपरान्त मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में रेलवे सुरक्षा बल बैंड स्टाफ को उनके उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी।

महानिदेशक ने उन्हें एवं अन्य ४० वरिष्ठ बैंडसमैन को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें अत्यधिक व्यावसायिकता के साथ अपने कर्तब्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# लोगों का सरकार पर बढ़ा है विश्वास-अमित शाह




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सुशासन सप्ताह के समापन समारोह को संबोधित किया। दिनांक २५.१२.२०२१ को इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और केन्द्रीय गृह सचिव, केन्द्र सरकार के विभिन्न विभिन्न विभागों के सचिव और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज के दिन ही देश की दो महान विभूतियों की स्मृतियां इसी दिन के साथ जुड़ी हैं जिन्होंने देश के विकास, आजादी और देश को एक नई दिशा दिखाने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। पंडित मदन मोहन मालवीय जी, जिन्होंने आजादी से पहले देश की गौरवपूर्ण विरासत को दुनिया के सामने रखने का काम किया। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। आज भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी का जन्मदिन है। आज आधुनिक भारत में सुशासन शब्द को सच्चे अर्थो में जमीन पर उतारने वाले अटल जी का भी जन्मदिन है। अटल जी जब देश के प्रधानमंत्री बने तब कई ऐसे फैसले किए जो देश के गौरव के साथ जुड़े थे और सालों से लंबित थे। अटल जी ने इस बात का एक मजबूत और अच्छा उदाहरण भारत की जनता के सामने रखा कि आने वाले दिनों में सरकारें कैसे चलनी चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का निर्णय भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अमृत महोत्सव के वर्ष में किया, इससे सुशासन का कॉन्सेप्ट दिल्ली से निकलकर जिलों से गुजरते हुए गांवों तक पहुंचाने का काम हुआ है और ये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ सरकार कार्य कर रही है-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भू-माफिया द्वारा अवैध ढंग से कब्जा की गयी सरकारी भूमि को मुक्त कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा गरीबों के लिए बनाये जाने वाले ७५ आवासों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दिनांक २६.१२.२०२१ प्रयागराज के लूकरगंज में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया व बनाये जाने वाले आवासों के लिए नीव रखी साथ ही बटन दबाकर शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री के द्वारा बटन दबाकर १५८ करोड़ रूपये की लागत वाली ३१ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभाथर्यों को चाभी एवं प्रमाणपत्र, टूलकिट, दिव्यांगजनों को ट्राइ-साइकिल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रयागराज गंगा, यमुना और सरस्वती की पावन संगम स्थली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में व्यापारियों व गरीबों की सम्पत्ति पर कब्जा होता रहा है एवं गरीब शासन की योजनाओं से वंचित होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज के अंदर कुख्यात माफियाओं के कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर गरीबों के लिए आवास योजना को प्रारम्भ किया गया है।

इस अवसर पर सांसद भदोही रमेश चन्द्र बिंद, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष वी०के० सिंह, विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य, विधायकगण विक्रमाजीत मौर्य, नीलम करवरिया, प्रवीण पटेल, डॉ० अजय कुमार, राजमणि कोल, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया जाखलौन-ललितपुर-खजुराहो रेल खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने दिनाँक २७.१२.२१ को जाखलौन-ललितपुर-खजुराहो रेल खंड का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने दौरे के अंतर्गत विण्डो ट्रेलिंग के साथ ही जाखलौन, टीकमगढ, छतरपुर, खजुराहो स्टेशन का भी निरीक्षण किया। जाखलौन स्टेशन पहुंचकर स्टेशन ले आउट प्लान को देखा। महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक, झांसी के साथ खंड पर चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय, सर्कुलेटिंग क्षेत्र की व्यवस्थाओं सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक स्टेशनों के निरीक्षण के साथ-साथ रेल खंड का पिछली खिड़की से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रमुख मुख्य विद्युत् इंजीनियर सतीश कोठारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (निर्माण) शरद मेहता, मंडल रेल प्रबन्धक आशुतोष के साथ झाँसी मंडल से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) रघुनाथ सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व) एस सी दुबे, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजिनीयर अमित गोयल, मंडल सुरक्षा आयुक्त आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर रेलवे सुरक्षा बल ने किया गौरवान्वित



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर रेलवे सुरक्षा विशेष बल/प्रथम वाहिनी लामड़िग द्वारा दिनांक २० से २६ दिसम्बर, २०२१ तक आयोजित ऑल इंडिया पुरुष आरपीएफ/आरपीएसएफ राइफल शूटिंग चौम्पीयनशिप प्रतियोगिता मे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के पुरुष प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। जिन्होने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त कर मेडल प्राप्त किया। उक्त प्रतिभागियों ने ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया। जिस पर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा भी पुरूष शूटिंग टीम को टीम पदक विजेताओं को बधाई दिया।

# आरडीएसओ में महिला कल्याण संगठन द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी कार्य



साभारः रेल महिला कल्याण संगठनए आरडीएसओ रेलकर्मियों के हित के लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। इनमे रेल कर्मियों के बच्चों के लिए अरुणोदय विद्यालय का संचालन एवं कन्याओ को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना एवं जरुरतमंद रेल कर्मियों को अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं राशन इत्यादि प्रदान करना शामिल है।

कोविड १६ महामारी के कठिन समय में रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए रेल कर्मियों के बीच मास्क एवं सैनिटाइजर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन, आरडीएसओ द्वारा बच्चो को स्वेटर, फूड पैकेट एवं उपहार वितरित किये गए।

रेल महिला कल्याण संघ अध्यक्षा निशा भुटानी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष रीता पांडे के सक्रिय प्रयासों से नया आयाम देने हेतु दिन रात अग्रसर है।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार ने कहा कि संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों के अंतर्गत राजभाषा नीति को लागू करना और इसका शत-प्रतिशत कार्यान्वायन हम सबका प्रमुख दायित्व है। उन्होंने बैठक में शामिल सभी सदस्यों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन पर विशेष निगरानी रखें और पाई गई कमियों को दूर कराकर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में वृद्धि सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधान मुख्यक कार्मिक अधिकारी नंद किशोर ने 'हिंदी हो जन-जन की भाषा, यह सबकी अभिलाषा है नामक अपनी प्रेरक और प्रभावशाली कविता का पाठ किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.एन. ओझा ने धर्मवीर भारती के साहित्य पर चर्चा की। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय द्वारा किया गया।

## लखनऊ मेट्रो का स्मार्ट कार्ड कानपुर मेट्रो में भी करेगा काम

रे.स.ब्यू./सूत्र। लखनऊ मेट्रो का स्मार्ट कार्ड आने वाले दिनों में कानपुर मेट्रो में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यूपीएमआरसी जल्द ही इसके लिए दोनों शहरों में मेट्रो किराए के लिए लागू ऑटोमेटिक व्यवस्था को समेकित करने का काम पूरा कर लेगा।

इसी तरह कानपुर से आने वालों को लखनऊ मेट्रो में यात्रा करने के लिए टोकन लेने की जरूरत नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार मेट्रो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कानपुर मेट्रो का स्मार्ट कार्ड अभी लॉन्च किया जाना है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस कार्ड को प्रीपेड कार्ड की तरह उपयोग किया जा सकेगा। इसका मतलब यह है कि मेट्रो में यात्रा करते समय यह टिकट के रूप में उपयोग होगा। इस कार्ड से किराया सीधे कट जाएगा। चिप के साथ इस कार्ड को जारी किया जाना है।

## उत्तर प्रदेश का शिकोहाबाद-मैनपुरी सेक्शन हुआ विद्युतीकृत

साभार:केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के महाप्रबंधक यशपाल सिंह के नेतृत्व मे इस संगठन की लखनऊ परियोजना ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में आने वाले उत्तर प्रदेश में शिकोहाबाद से मैनपुरी (५१.८ RKM) खण्ड का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक ३१.१२.२०२१ को सीआरएस निरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया है। भारत सरकार की सफल योजनाओं के अन्तर्गत यह संगठन कोविड महामारी के बावजूद कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये कोर के नौ परियोजनाओं द्वारा तीव्र गति से विद्युतीकरण करते हुये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में कोर द्वारा १३६४ रूट किलो मीटर के रेल मार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रयागराज मण्डल के शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद एवं मैनपुरी-इटावा खण्ड का



विद्युतीकरण होना प्रस्तावित है। इसके प्रथम चरण में इस महत्वपूर्ण खण्ड शिकोहाबाद-मैनपुरी पूर्णरूप से विद्युतीकृत हो गया है। इसके दूसरे चरण में फर्रुखाबाद-मैनपुरी-इटावा सेक्शन का मार्च २०२२ तक विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने का प्रस्ताव है। दोनों चरणों में विद्युतीकरण हो जाने के उपरान्त कानपुर से फर्रुखाबाद-मैनपुरी खण्ड के बीच मेमू ट्रेन चल सकेंगी। विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के बाद सभी ट्रेन कानपुर से शिकोहाबाद मेन लाइन और नई दिल्ली एवं पश्चिम रेलवे की ओर विद्युत कर्षण से चलेंगी। जिससे दैनिक यात्रियों को काफी सुविधा भी होगी। महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने लखनऊ परियोजना की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कोर रेल लाइनों के पूर्ण से विद्युतीकरण करने के लक्ष्य की ओर निरन्तर अग्रसर हैं, उसी दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## मंडलायुक्त संजय गोयल ने की माघ मेले २०२२ के कार्यों की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मंडलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में माघ मेले २०२२ के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक मेला कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने सुझाव दिया कि यदि माघ मेला समाप्त होने से पूर्व संस्थाओं द्वारा प्राप्त की गई सुविधाओं का सत्यापन उन्हीं से करा लिया जाए तो इससे पारदर्शिता बढ़ेगी एवं प्रशासन द्वारा दी गई सुविधाएं उन तक पहुंच रहीं हैं या नहीं यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर एवं लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक काम पूरा न किए जाने पर मंडलायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग द्वारा सभी कार्य तय समय तक नहीं पूरे किए गए तो वह सभी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति शासन को वह स्वयं करेंगे। बैठक में मेला अधिकारी शेषमणि पांडेय, उप जिला अधिकारी संत कुमार समेत अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## कटनी तक ही चलेगी प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा के मुताबिक प्रयागराज छिवकी से इटारसी जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन दो जनवरी-२०२२ से ११ जनवरी तक सिर्फ कटनी से इटारसी तक होगा। इस अवधि में यह ट्रेन प्रयागराज छिवकी से कटनी के बीच नहीं चलेगी। नैनी स्टेशन पर चले नॉन इंटरलाकिंग कार्य की वजह से ही ११११८ इटारसी एक्सप्रेस आंशिक रूप से निरस्त की गई है। इस अवधि में ११११७ इटारसी-प्रयागराज छिवकी का संचालन एक जनवरी से १० जनवरी तक कटनी से छिवकी तक नहीं होगा।

## सांसद की अध्यक्षता में मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। धनबाद मंडल मुख्यालय के सभागार में धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह की अध्यक्षता में दिनांक ३०.१२.२०२१ को धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्रधिकार के ०६ सांसद एवं ०६ सांसद के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सांसदों द्वारा रेल विकास व यात्री सुविधाओं में वृद्धि आदि के संबंध में बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशीष बंसल सहित मुख्यालय एवं धनबाद मंडल के अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इस बैठक में सांसद (राज्यसभा) अजय प्रताप सिंह, गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, गया के सांसद विजय कुमार, चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह उपस्थित हुए।

_बैठक में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि रणजीत सिंह, रार्बट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल तथा सांसद (राज्यसभा) राम शकल के प्रतिनिधि कृष्णा गौतम, हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि जीतेन्द्र कुमार जैन, सांसद (राज्यसभा) समीर उरांव के प्रतिनिधि चन्द्रशेखर सिंह, सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार के प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल एवं सांसद (राज्यसभा) धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि श्री सुखेर भगत उपस्थित थे।

इसके पूर्व महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा के क्षेत्र में किए गए कार्यो आदि से सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक की समाप्ति के पश्चात् महाप्रबन्धक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यो की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा। इस बैठक में महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने पूर्व मध्य रेल द्वारा किए जा रहे कार्योसे सांसदगण को अवगत कराया।

## संजय कुमार सिंह बने इस्पात मंत्रालय के सचिव



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। संजय कुमार सिंह ने नई दिल्ली में इस्पात मंत्रालय के सचिव का पदभार दिनांक ३०.१२.२०२१ को ग्रहण किया। संजय कुमार मध्य प्रदेश कैडर के १९८७ बैच के भारतीय प्रशासनिक अधिकारी आईएएस हैं। सिंह ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव पी.के. त्रिपाठी का स्थान लिया है। त्रिपाठी इस्पात मंत्रालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। संजय कुमार सिंह को केंद्र सरकार द्वारा किए गए एक प्रमुख शीर्ष स्तरीय नौकरशाही फेरबदल के हिस्से के रूप में इस्पात मंत्रालय के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। संजय कुमार सिंह वर्तमान पद संभालने से पहले प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) और पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) के सचिव के पद पर कार्यरत थे।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन, त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद- 211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040




# आपके डिजिटल विकास के लिए
## टेलीकॉम और आईसीटी अवसंरचना का निर्माण करके

**रेलटेल – रणनीतिक और महत्वपूर्ण नेटवर्क अवसंरचना सेवाओं में योगदान कर रही है**

**सेवाएं**

• एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएं • डेटा सेंटर और क्लाउड सेवाएं • रिटेल ब्रॉडबैंड सेवा – रेलवायर • लीज़्ड लाइन • वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क • वॉइस कैरिज नेटवर्क के लिए एनएलडी • इंटरनेट लीज़्ड लाइन • कन्सल्टेंसी सेवाएं • सिगनलिंग सेवाएं • टॉवर कोलोकेशन • स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क मैनेजमेंट

**परियोजनाएं**

• ट्रेनों में कन्टेंट ऑन डिमांड (सीओडी) • वीडियो निगरानी प्रणाली • वाई.फाई • अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) • एनआईसी ई–ऑफिस का कार्यान्वयन

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

मिनी रत्न (श्रेणी-I) सीपीएसई

• आईएसओ 9001:2015 • आईएसओ/आईईसी 20000.1:2018 • आईएसओ/आईईसी 27001:2013 • सीएमएमआई परिपक्वता स्तर–4